# स्वास्थ्य विभाग और केयर इंडिया के बीच करार

## मंत्री बन्ना गुप्ता बोले- करार का मकसद स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यवस्थित करना

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग और केयर इंडिया के बीच बुधवार को जो करार हुआ है, वह नए प्रयोग का उदाहरण है। इस करार का मकसद स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यवस्थित करना है। स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सचिवालय स्थित विकास आयुक्त सभागार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केयर इंडिया स्वास्थ्य मित्र बनकर कदम से कदम मिलाकर काम करेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार के लिए अपर मुख्य सचिव लगातार प्रयास कर रहे हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए झारखंड की ओर से बेहतर प्रयास किए गए हैं।

ट्रॉमा सेंटर में खून की व्यवस्था करने का निर्देश

मौके पर स्वास्थ्य विभाग और केयर इंडिया के बीच स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के लिए पांच वर्ष के लिए एमओयू किया गया। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं और बच्चियों को हरी साग-सब्जियों के फायदे भी बताएं। उनमें पाए जाने वाले खनिज और मिनरल्स के बारे में बताएं, ताकि एनीमिया और अन्य बीमारियों से बचाव के लिए भी काम हो सके। केयर इंडिया के सीईओ से मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी को हमें बताएं, ताकि उसे बेहतर किया जा सके। ट्रॉमा सेंटरों में खून की व्यवस्था और हड्डी रोग के विशेषज्ञों को रखने का भी उन्होंने निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए तैयार : अपर मुख्य सचिव**

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हम नई परंपरा की शुरूआत करने जा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कमियों का आकलन कर केयर इंडिया को इसमें सहयोग किया जाएगा।

**भागीदारी के लिए केयर इंडिया उत्सुक :** केयर इंडिया के सीईओ देवर्षि भप्ताचार्य ने कहा कि हम उत्सुकता के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भागीदारी के लिए तैयार हैं। गवर्नमेंट स्ट्^र के साथ काम करना चाहते हैं और कमियों को मिलकर दूर करेंगे।

**समझौता पत्र पर हुआ हस्ताक्षर :** झारखंड सचिवालय स्थित विकास आयुक्त सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप और केयर इंडिया के सीईओ देवर्षि भप्ताचार्य ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। केयर इंडिया शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, जनजातीय स्वास्थ्य, कुपोषण की स्थिति में सुधार, ट्रॉमा सेंटर और शहरी स्वास्थ्य में कमी को दूर करने के उद्देश्य से काम करेगा। मौके पर अभियान निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज सहित स्वास्थ्य विभाग और केयर इंडिया के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। मौके पर केयर इंडिया के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अभय कुमार भगत ने कार्ययोजना से संबंधित प्रजेंटेशन दिया।

cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# मेयर ने दो वर्ष पहले किया था शिलान्यास, अब तक निर्माण नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के हटिया क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर रोड नंबर तीन, सिंह मोड़ के निवासी विगत तकरीबन तीन वर्षों से एक पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में विधायक नवीन जायसवाल से भी गुहार लगाई है। मुहल्लेवासियों ने 8 नवंबर, 2022 को इस संदर्भ में विधायक जायसवाल को पत्र प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र पक्की सड़क के निर्माण का अनुरोध किया है। मुहल्लेवासियों के मुताबिक कल्याणपुर रोड नंबर तीन में 18 जनवरी 2020 को पक्की सड़क निर्माण के लिए मेयर आशा लकड़ा द्वारा शिलान्यास किया गया था। इस मौके पर वार्ड 51 की पार्षद सविता लिंडा भी मौजूद थीं। लगभग तीन वर्ष पूरे होने को हैंए इस दौरान पक्की सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। इससे मुहल्लेवासियों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल है।

# नियमितीकरण की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिले एनएचएम अनुबंधकर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एनएचएम के कर्मचारियों ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात कर नियमितीकरण की मांग की। बताते चलें कि एनएचएम के तहत पिछले 15-17 सालों से अनुबंध पर काम कर रहे हैं। इनमें एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्निशियन, टीबी डिपार्टमेंट के अलावा अन्य कर्मी भी हैं।

कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से अनुबंध पर काम कर रहे हैं, मानदेय भी ज्यादा नहीं है कि परिवार का अच्छे से भरण-पोषण हो सके। ऐसे में हम सभी स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष नियमितीकरण की मांग को लेकर पहुंचे हैं।

**मैं भी अनुबंध कर्मियों के नियमितीकरण का पक्षधर हूं**

मौके पर स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अनुबंध पर काम करने वाले हमारे विभाग के समर्पित कर्मचारी हैं। हमारे कर्मचारियों को मुझपर और सरकार पर विश्वास है। इस सरकार ने राज्य के सभी विभागों के कर्मचारियों का ख्याल रखा है। मैं भी अनुबंध कर्मियों के नियमितीकरण का पक्षधर हूं।

**नियमितीकरण को लेकर विभाग को लिखा पत्र :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नियमितीकरण को लेकर विभाग को पत्र लिखा है। अपर मुख्य सचिव से इससे संबंधित एक रिपोर्ट भी मांगी है। साथ ही तीन सदस्यीय कमिटी के गठन का सुझाव भी दिया है। साथ ही बन्ना गुप्ता ने कहा कि कमिटी में एनएचएम के एक प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत करने के लिए भी कहा है। इस संबंध में मेरे निर्देश पर विभाग ने संचिका बनाने का काम किया है। अपर मुख्य सचिव से हर एक बिंदु पर जानकारी लेकर गुरुवार को फिर से एनएचएम कर्मियों को बुलाया है, ताकि उन्हें जानकारी दी जा सके।

# सीडीपीओ के नियमिति क्षेत्र भ्रमण पर नहीं निकलने को ले डीसी नाराज

## उपायुक्त ने की स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं बाल संरक्षण पदाधिकारियों को प्रत्येक माह स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण का प्रखण्ड स्तर पर मासिक समन्वय बैठक नियमित रूप से करने का निदेश दिया गया।




सीडीपीओ द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी जताई गई। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को वीएचएसएनडी दिवस पर नि्रित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया।

समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, आयुष मेडिकल ऑफिसर, सभी एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, सभी सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 15वें वित्त आयोग से निमार्णाधीन स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र आदि को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य/केन्द्र स्तर से प्राप्त आदेश/निदेश से ससमय संबंधित पदाधिकारी/कर्मी को अवगत कराएं।

# रांची विवि में 109 करोड़ के घोटाले पर राज्यपाल गंभीर, जांच का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विवि में पिछले कुछ समय में 109 करोड़ के घोटाले को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। इस पर राजभवन गंभीर है। इसे लेकर बुधवार को राज्यपाल रमेश बैस ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को इस पूरे मामले की जांच को लेकर कई अन्य जरूरी निर्देश भी दिये। कहा कि वे अनियमितताओं से संबंधित तथ्यों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करें। 109 करोड़ की संचिका खो जाने के मामले में दोषी पदाधिकारियों/कर्मियों के विरुद्ध अविलंब प्राथमिकी दर्ज करें। राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस के समक्ष रांची विश्वविद्यालय के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने तत्कालीन प्रभारी कुलपति रांची विश्वविद्यालय डॉ कामिनी कुमार के कार्यकाल में बरती गयी विभिन्न अनियमितताओं के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर कुलाधिपति कार्यालय द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद कुछ बिंदुओं पर प्रथम द्दष्टया दोषी पाया गया। गौरतलब है कि इसी मसले पर राज्यपाल ने तटस्थ जांच के लिए डॉ कामिनी कुमार को प्रशासनिक द्दष्टिकोण से रांची विश्वविद्यालय से प्रतिकुलपति कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में स्थानांतरित कर दिया था।

**कहा, दोषी अफसरों और कर्मियों के विरुद्ध अविलंब दर्ज करें प्राथमिकी**

**इन बिंदुओं पर 15 दिनों के अंदर करनी है जांच :** राज्यपाल ने 15 बिंदुओं पर डॉ कामिनी कुमार के संबंध में जांच कर स्पष्टीकरण देने को कहा है। इनमें रांची विवि के तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति डॉ कामिनी कुमार के वीसी के पद पर रहते हुए वर्ग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 36 कर्मियों को 18.12.2021 को नियमित कर दिया गया था। उक्त कार्य को किस आधार पर किया गया, यह स्पष्ट नहीं है। कार्यवाहक कुलपति को यह शक्तियां प्राप्त नहीं थी। प्राचार्य, रांची महिला महाविद्यालय से अवैध तरीके से भुगतान किये गये आवास भत्ते के वसूली के लिए 06.04.2022 को कुलाधिपति कार्यालय द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। रांची विश्वविद्यालय, रांची में 109 करोड़ रुपये की राशि की वित्तीय अनियमितता के संबंध में निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा 28.06.2021 को जांच प्रतिवेदन के साथ कार्रवाई के लिए राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित किया गया था। 02.06.2022 को इस कार्यालय द्वारा तत्कालीन कुलपति, वित्तीय सलाहकार, वित्त पदाधिकारी एवं कुलसचिव के विरुद्ध आरोप पत्र गठित करने के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त विषयक संचिका कुलपति कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने की सूचना वर्तमान कुलपति द्वारा राज्यपाल सचिवालय को दी गयी है। विश्वविद्यालय के संचिका के नोट-शीट से यह स्पष्ट होता है कि यह सम्पूर्ण विषय कुलपति की पूर्ण जानकारी में था, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि डॉ कामिनी कुमार कुलपति के प्रभार में थीं।

डॉ गौरी जिलानी की सेवा नियमितीकरण के प्रस्ताव पर प्रतिकुलपति-सह-स्क्रीनिंग समिति की अध्यक्ष के तौर पर दो माह में दो सम्पूर्ण विरोधाभासी तथ्य प्रेषित किये गये, जिस कारण निर्णय लेने में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हुई। इस संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के लिए निर्देश दिया गया।

इसके अलावा 20.06.2022 को नये कुलपति की नियुक्ति की अधिसूचना जारी होने के प्‍ात डॉ. कामिनी कुमार द्वारा तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति के तौर पर स्वयं हस्ताक्षर करते हुए एक एमओयू विज्ञान प्रसार संस्थान के साथ किया गया। सामान्यतः विश्वविद्यालय की तरफ से यह कार्य कुलसचिव द्वारा किया जाता है, जो इस आशय में स्वतः कुलपति के तौर पर डॉ कामिनी कुमार के द्वारा किया गया।

विस स्थापना दिवस समारोह पर सांस्कृतिक संध्या में भाग लेते कुमार विश्वास



# निर्वाचन आयोग का फूंका पुतला




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर राज्यनिर्वाचन आयोग का पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम नगर पालिका/नगर परिषद के चुनाव में आदिवासियों के एकल पद पर आरक्षित सीट हटाए जाने के विरोध में किया गया। आदिवासी संगठनों के वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका/ नगर निगम/ नगर परिषद में आदिवासियों की आरक्षित सीट हटाए जाने का सभी आदिवासी संगठन एकजुट होकर विरोध करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि अविलंब विशेष सत्र बुलाकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्णय को बदलते हुए यथास्थिति बहाल करने का काम करें। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में एकल पद पर आदिवासियों के लिए अविलंब आरक्षित सीट बहाल किया जाये।

# बर्लिन जनरल हॉस्पिटल का उद्घाटन कल

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** पंचमुखी मंदिर हरमू बाजार के समीप शुक्रवार को बर्लिन जनरल हॉस्पिटल का शुभारंभ होगा। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ प्रणव नारायण ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी कंपनी ने हरमू में एक कोविड केंद्र की स्थापना की थी। उन्होंने कहा, इस दृष्टिकोण ने हमें जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए प्रेरित किया और एक पूर्ण विकसित अस्पताल हरमू में स्थापित करने की प्रेरणा मिली। बर्लिन जनरल अस्पताल क्वालिटी केयर क्लोज टू होम विचारों को मजबूत करते हुए शुरू करने के लिए तैयार है। 70 बेड वाला यह अस्पताल आइसीयू, एनआइसीयू, एचडीयू, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ओटी, डायलिसिस और लेबर रूम वाला अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित अस्पताल होगा। इस हॉस्पिटल में मानव जीवन से जुड़े हर विभाग और उससे जुड़े प्रसिद्ध डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एचडी शरण ने बताया कि हॉस्पिटल में चिकित्सा जगत द्वारा पेश किये जाने वाले सर्वोत्तम तकनीकी उपकरणों के साथ सभी डायग्नोस्टिक सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा, अस्पताल में अनुभवी और अत्यधिक पेशेवर चिकित्सा विशेषज्ञ की पूरी टीम होगी, जो मरीजों का सही इलाज करेगी।

## खबर एक नजर में

### दिल्ली के जंतर मंतर में आयोजित रैली में हिस्सा लेंगे रांची के 5 हजार कार्यकर्ता

**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह की अध्यक्षता में झारखंड से लगभग 5000 फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए सड़क मार्ग, बस एवं रेल मार्ग से रवाना होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह, छात्र क्लब ग्रुप के प्रदेश संरक्षक युवराज पासवान आदि रांची से प्रस्थान करनेवाले फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं को शिव मंदिर परिसर पिस्का मोड़ से विदा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर से लगभग लाखों की संख्या में सनातनी जंतर मंतर दिल्ली में फाउंडेशन द्वारा आयोजित महारैली में भाग लेंगे।

### रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में दो की गवाही हुई

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में दो गवाहों की गवाही दर्ज की गई। एनआईए ने मामले के गवाह पीयूष कुमार चायल एवं केशव नाथ भगत की पेश किया था। दोनों की गवाही पूरी होने के बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 29 नवंबर निर्धारित की है।

### सहकारी बैंक को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इंदौर में नेशनल को-ऑपरेटिव बैंकिंग सम्मेलन 2022 में प्रोंटियर्स इन को-ऑपरेटिव बैंकिंग अवार्ड-2022 का वितरण किया गया। खूंटी शाखा के शाखा प्रबंधक अमित नंदी, चाईबासा शाखा के शाखा प्रबंधक के रमेश राव एवं चक्रधरपुर शाखा के शाखा प्रबंधक राजेश मिंज उक्त समारोह में उपस्थित हुए। समारोह में झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड को बेस्ट क्रेडिट ग्रोथ के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### श्रम मंत्री से मिले गोमिया विधायक

**रांची।** राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो को इस बात के लिए आश्वस्त किया है कि तेनुघाट और कसमार में बनकर तैयार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। गोमिया विधायक मंत्री से मिलकर आज कहा कि लंबे समय से दोनों आईटीआई अपने - अपने उद्घाटन की बाट जोह रहा है। उद्घाटन नहीं होने की वजह से शैक्षिक सत्र भी प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

# तमाड़ के पुंडीदीडी में लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

## उप विकास आयुक्त रांची ने लुंगटू पंचायत में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण भी किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तमाड़ प्रखंड के पुंडीदीडी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत निर्मित पूर्ण आवास में 'गृह प्रवेश पखवाड़ा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, रांची विशाल सागर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को गृह प्रवेश करवाया गया।



उप विकास आयुक्त रांची विशाल सागर ने लुंगटू पंचायत में लंबित आवास को पूर्ण करने हेतु चल रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाता को लक्ष्य के अनुरूप ससमय प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही लंबित आवासों को तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनि्रित करने को कहा। उप विकास आयुक्त विशाल सागर द्वारा आंगनबाड़ी, आम बागवानी एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में संबंधित जनप्रतिनिधि, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जनसेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखण्ड तकनीकी विशेषज्ञ एवं स्वयंसेवक इत्यादि उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त के आदेश पर वार्ड 1 स्थित उरांव कॉम्पलेक्स की हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार रांची नगर निगम क्षेत्रांन्तर्गत वार्ड नं. 01 में अवस्थित उरांव कॉम्पलेक्स की जांच हुई। झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 483 के तहत व्यावसायिक बहुमंजिले इमारतों के घृतियों के भवन की मापी, वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रेड लाईसेंन्स आदि की जांच की गयी। जांच के क्रम में आवेदक के द्वारा एसएएफ फॉर्म में एरिया की गलत जानकारी निगम को उपलब्ध करायी गयी थी। जांच समिति के द्वारा जब एरिया की जांच की गयी तो एरिया अधिक मिला। जिसके कारण आवेदक को दण्ड स्वरुप 100 प्रतिशत का शास्ति अधिरोपित किया गया। व्यापार कर रहे दुकानदारों को निदेशित किया गया कि व्यवसाय करने हेतु ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है जिन दुकानदारों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस अबतक प्राप्त नहीं किया गया है वे तुरंत ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद भी ट्रेड लाइसेंस नही बनवाया जाता है तो उक्त दुकानों को झारखंड नगरपालिका अधिनियक 2011 की धारा 466 (1) के अंतर्गत दुकानों को सीलबंद करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जांच में नगर प्रबंधक राजस्व शाखा, वार्ड के कनीय अभियंता, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्सश्री पब्लिकेशन प्रा. लि. के कर संग्रहकर्ता एवं मेसर्स च्वायस कनसलटेंड प्रा. लि. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# जेसीआई का एक्सपो आज से

## मोरहाबादी में राज्यपाल रमेश बैस करेंगे उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेसीआई रांची की ओर से एक्सपो उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। 24 से 28 नवंबर तक मोराबादी मैदान में लगनेवाले इस एक्सपो का उद्घाटन राज्यपाल रमेश बैश दिन के 12 बजे करेंगे। यह एक्सपो का 25वां साल है। इस वर्ष एक्सपो में 325 स्टॉल लगाये गये हैं। एक्सपो का हर दिन का समय सुबह 11:30 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस में अध्यक्ष सौरव साह ने बताया की इस वर्ष हमलोग ब्रिस्ट्रों कैफे लेके आ रहे है, जो की ग्राउंड के बीच में होगा और इसमें खाने के नए नए चीज रहेंगे। इस वर्ष हम अपना घर के नाम से रियल एस्टेट के लिए अलग हैंगर लेकर आ रहे हैं। स्टार्टअप जोन के माध्यम से हमलोग नए एंटरप्रेन्योर को बढ़ावा देने कि कोशिश कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं को प्रोसाहन के लिए पिंक हैंगर बनाया गया है, जिसमे की लेडीज एंटरप्रेन्योर रहेंगे।



**एक्सपो में मिलेंगे सुई से लेकर कार तकः** एक्सपो चीफ अभिषेक केडिया ने बताया कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि एक्सपो में इस वर्ष लोगों को सुई से लेकर कार तक सभी मिले और अच्छे ऑफर के साथ मिले। ऑफर की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एक्सपो इस वर्ष एंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट कूपन दिया जा रहा है, जो कि शहर के विभिन्न प्रमुख संस्थानों के होंगे और इस एंट्री टिकट की कीमत मात्र 20 रुपए रहेंगे।

इसके अतिरिक्त शनिवार को मिडनाइट बाजार लगाया जा रहा है, जिसमें सभी स्टॉल धारक रात 12 बजे तक स्टॉल खुले रखेंगे और उसके साथ कई कार्यक्रम भी होते रहेंगे। मशहूर सिंगर ओशो भी इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा इस रजत जयंती में पूरी के मशहूर सैंड आर्टिस्ट भी मोराबादी मैदान में अपनी कला की प्रस्तुति करेंगे। एक्सपो में इस साल बच्चों के लिए भी बोहोत कुछ नया रहेगा जैसे की उनके लिए एम्यूजमेंट पार्क बनाया गया है जिसमे की 15 से अधिक प्रकार के झूले रहेंगे। इस साल नए में क्यूआर कोड सिस्टम लाया गया है जिससे की लोगो को एक्सपो में अंदर आते ही सभी स्टॉल की जानकारी मिलेगी।

इस साल एक्सपो में बैंक ऑफ बड़ौदा, ब्रदर्स अकादमी, डिवाइन हॉस्पिटल, नीव प्ले स्कूल, स्वर्णभूमि बैंक्वेट,अल्पाइन मांगो टांगो,प्रभुजी नागपुर,श्री गजानंद ज्वेलर्स,बगला सिक्योरिटी,स्पाइडर फाइबर,प्रांजल फोटोग्राफी और फोटोनगैलेक्सी स्पॉन्सर्स है। प्रेस कॉन्फ्रेन्स में सौरभ शाह, अभिषेक केडिया, प्रतीक जैन, सिधार्थ चौधरी , वरुण जालान, संकेत सरवगी उपस्थित थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन के कार्य समिति की घोषणा

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने सम्मेलन के सत्र 2022- 24 की प्रांतीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। जिसमें संरक्षक- गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, नंदलाल रुंगटा, विनय सरावगी, गोविंद प्रसाद डालमिया, भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, निर्मल काबरा, ओम प्रकाश अग्रवाल,प्रांतीय अध्यक्ष- बसंत कुमार मित्तल, प्रांतीय उपाध्यक्ष-शिव हरि बंका, ताराचंद जैन, अरुण बुधिया, ओमप्रकाश रिंगसिया, मनोज बजाज, केदारनाथ मित्तल, प्रांतीय महामंत्री- रवि शंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष- राहुल मारू, संगठन महामंत्री- प्रदीप राजगढ़िया, संयुक्त महामंत्री-दीपक पारीक, रंजीत डालमिया सुभाष पटवारी, राकेश जैन रारा, अजय चेतानी, सौरभ सरावगी आदि शामिल हैं। इसके अलावा प्रमंडलीय उपाध्यक्ष -पवन कुमार पोद्दार रांची, अशोक पाण्डया धनबाद, सुमेर जैन सेठी हजारीबाग, राजकुमार मुंदड़ा कोल्हान, शिव सर्राफ संथाल परगना, सुरेश उदयपुरिया पलामू, प्रमंडलीय मंत्री- पवन कुमार अग्रवाल, विमल बुधिया, शिव प्रकाश शर्मा, राजेंद्र मेहरिया, सुशील अग्रवाल, जितेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारिणी समिति में 25 सदस्यों को, तथा स्थायी विशेष आमंत्रित में 75 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसके अलावा प्रमंडलीय कार्यकारिणी समिति में 12 सदस्यों को शामिल किया गया। परामर्शदात्री समिति में नीरा बथवाल, मुकुंद रूंगटा, बन्ना गुप्ता, रतनलाल बंका, केके पोद्दार, जुगल किशोर मारु, विद्याधर शर्मा, धर्मचंद जैन रारा, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामजीलाल शारदा, समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय, चंद्रशेखर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, विश्वनाथ नारसरिया, विष्णु अग्रवाल, महावीर रुंगटा, बसंत हेतम सरिया, पुरुषोत्तम शर्मा, प्रताप जैन, नरेंद्र जैन पांड्या, ओमप्रकाश प्रणव, बजरंग लाल अग्रवाल, पुनीत पोद्दार, सुरेश सिथोलिया, विष्णु जालान, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद कुमार तुलस्यान, अशोक भालोटिया, प्रमोद अग्रवाल, सांवरमल शर्मा, प्रभाकर अग्रवाल, वासुदेव गुटगुटिया, अशोक गोयल, पुष्पा भुवालका प्रेम कटारुका, जगदीश सेन, अरुण बाकरेवाल, शामिल है। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने बताया कि पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों, संरक्षको से परामर्श लेकर प्रांतीय कमेटी का गठन किया गया है। तथा किसी सदस्य को समिति में कार्य करने की इच्छा हो तो उन्हें ससम्मान प्रांतीय समिति में सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से संगठन को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। समिति के सभी विभागीय प्रकोष्ठ की शीघ्र घोषणा की जाएगी। उक्त जानकारी मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## शहीदों के सम्मान के लिये शहर में निकाली गई पदयात्रा

**राष्ट्रीय युवा शक्ति के उत्तम यादव के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों में पहुंची पदयात्रा को भव्य स्वागत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शहीद परिवारों को अधिकार दिलाने के लिए राष्ट्रीय युवा शक्ति के बैनर तले निकाली गई पदयात्रा वार्ड 29 से शुरू होकर वार्ड 31 तक पहुंच चुकी है। इसका नेतृत्व उत्तम यादव कर रहे हैं। इस पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान जहां रात्रि हो रही है, वहीं विश्राम की व्यवस्था की जा रही है। वार्ड 31 में पदयात्रा के दौरान श्री यादव ने कहा कि पिछले एक दशक से अमर शहीदों के परिवार के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी जा रही है।

राष्ट्रीय युवा शक्ति शहीदों के सम्मान के लिए हर कार्य करती रही है। परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को विद्युत सज्जा से सुशोभित करना एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा के समक्ष शहीद की पत्नी के हाथों से झंडोत्तोलन कराना भी शुरू किया गया है। शहीद जोरा मुंडा की बच्ची का जेवियर कॉलेज में एडमिशन कराना सहित अन्य बलिदानियों को श्रद्धांजलि देना शामिल है। उन्होंने कहा कि सारे शहीद परिवारों को नौकरी दी जाये, जिन्हें अभी तक नौकरी नहीं मिल पाई है। सुविधा से लैस शहीद के परिवारों को घर बना कर दिया जाये। शहीद सम्मान राशि एक करोड़ किया जाये। शहीद के बच्चे की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था की जाये। इस पदयात्रा के माध्यम से युवाओं में फैल रहे सूखे नशे जैसे चरस, अफीम, ब्राउन शुगर, इंजेक्शन, टैबलेट, डेट्राराइट, कोरेक्स आदि की रोकथाम के लिए आवश्यक कड़े कानून को विधानसभा के माध्यम से लागू करवाने का प्रयास किया जायेगा। पदयात्रा में आर्यन मेहता, रोहित यादव, राहुल चौधरी,विशाल साहू, सत्यम सिंह, शुभम गुप्ता, रोहित बरनवाल, सोनू साहू, छोटू यादव,राघव सिंह, हर्ष सिंह, लकी वर्मा,दिलीप गुप्ता,सुनील कुमार साहू, सुमन विद,विक्की लिंडा, मोनू विश्वकर्मा आदि शामिल हैं।

### कैग के ऑडिट सप्ताह दिवस कार्यक्रम में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा

# कैग रिपोर्ट को गंभीरता से नहीं लेते हैं अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**20 साल में 9737.57 करोड़ की अनियमितता हुई उजागर : उरांव**

**सरयू राय ने कहा-विस समितियों की बैठक में सचिव आना पसंद नहीं करते**

रांची। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा है कि कै ग रिपोर्ट को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते है। श्री उरांव बुधवार को कैग के ऑडिट सप्ताह दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन पलाश सभागार में किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछल बीस सालों में राज्य में करीब 20 साल में 9737.57 करोड़ की अनियमितता उजागर हुई है। कॉपोरेट जगत के कामों की जांच के लिए बने अलग कोषांग बने। उन्होंने कहा कि सुशासन बनाये रखने के लिए कैग का अहम रोल है। उन्होंने माना कि अधिकारी कैग रिपोर्ट को सीरियसली नहीं लेते हैं। अनियमितता की उजागर ऑडिट स्टेट ऑडिट एसोसिएशन के द्वारा की गयी।

इस अवसर पर निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि विधानसभा समितियों की बैठक में विभागीय सचिव आना ही पंसद नहीं करते हैं। वे अपने अधिकृत अधिकारियों को बैठकों में भेजते हैं। इससे विधानसभा की सार्थकता पर सवाल उठता है। इसी तरह विधानसभा समितियों के क्षेत्र भ्रमण में पता चलता है कि जिला के अधिकारियों को भी ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था के रूप में कैग की भूमिका स्पष्ट रूप से परिभाषित है। लेकिन यह तभी सार्थक होगा, जब अन्य संवैधानिक संस्थाएं जिम्मेदारी के साथ काम करें। पब्लिक का जो पैसा सरकार खर्च करती है, उसका लेखा संधारण और लेखा परीक्षक होना चाहिए।



**135 सरकारी योजनाओं का किया गया ऑडिट : अनुप डुंगडुंग**

कैग महालेखाकार अनूप फ्रांसीसी डुंगडुंग ने कहा कि समय के साथ कैग की भूमिका काफी बढ़ गयी है। आज कैग रिपोर्ट बनाने में उन्हें जगह दी जा रही है। पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2018-19 से लेकर 2021-22 तक कैग द्वारा 851 ईकाइयों और 135 सरकारी योजनाओं का ऑडिट किया गया है। ऑडिट सप्ताह को लेकर उन्होंने कहा कि इस दौरान कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गये। उपमहालेखाकार अजय कुमार सहित कैग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## लिव इन रिलेशनशिप की मान्यता रद्द हो : सुनील

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लव जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि कानून बनाकर लिव इन रिलेशनशिप की मान्यता को रद्द की जाये। उन्होंने कहा कि इन दिनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने के कारण महिलाओं के खिलाफ घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अडल्ट्री कानून को बहाल करे, जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2018 में रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अडल्ट्री कानून के तहत शादीशुदा व्यक्ति और अविवाहित व्यक्ति के बीच या फिर दो शादीशुदा लोगों के बीच लिव-इन-रिलेशनशिप कानून की नजर में मान्य नहीं था। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्र व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए 497 अडल्ट्री कानून को बहाल किया जाना चाहिये। लिव-इन-रिलेशनशिप को समाज व परिजनों के द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है। ऐसे में मुंबई की श्रद्धा जैसी लड़कियों को अत्याचार का डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि देश के अंदर लव जिहाद मिशन मोड में चल गया है। मुस्लिम समुदाय के लड़कों के द्वारा अपने पहचान छुपाकर हिंदू लड़कियों को बहला फुसलाकर प्रेम जाल में फांसना कहीं से न्यायोचित नहीं है। मुंबई की श्रद्धा जैसी लड़कियों को मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। सरकार इसे पहचाने और इसके खिलाफ कठोर कानून बनाये।

## अमावस्या पर हुई श्रीवेंकटेश्वर की आराधना

**रांची।** बुधवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में मार्गशीर्ष अगहन महीने की पुण्य अमावस्या तिथि पर पापहारी श्रीपद्मावती वल्लभ श्रीनिवास का गंध, पुष्प,धूप, दीप आदि से विधिपूर्वक पूजन आरम्भ हुआ । भगवान श्रीमन्नारायण का श्रुति, स्मृति और आगमों में बताई हुई विधि के अनुसार पूजन करना उचित है । ज्ञात हो कि वेदों तथा ब्रा?ाण ग्रन्थों में बतायी हुई पूजा श्रौत कहलाती है । पा?रात्र में बताया हुआ विधान आगम कहलाता है । जो प्रसिद्धि प्राप्त दिव्यदेशों में, कलिकाल में इस पद्धति से पूजा करना उत्तम माना गया है । पुरुषसूक्त, श्रीसूक्तके प्रत्येक ऋचा तथा मूलमंत्र से षोडषोपचार समर्पण हुआ । प्रत्युपचार अर्पण करके पुष्पांजलि दी गयी । मुद्रा द्वारा श्रीभगवान का आवाहन,आसन, पाद्य,अर्ध्य आदि बारंबार समर्पण हुआ। फिर दंत धावन, निर्लेहन कराया गया । तेल का अभ्यंग, सुगंधित फूल और तुलसीदल समर्पण हुआ । पवित्र नाम मंत्रों से श्रीभगवान तथा महालक्ष्मी की पृथक- पृथक अर्चना हुई। दिनभर का भोग सुनीता खोसला की ओर से लगाया गया । अर्चक- सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने विधिवत अनुष्ठान कराया । रामअवतार नारसरिया ए शंभूनाथ पोद्दार, जगमोहन नारसरिया,रमेश धरनीधरका, राजेश सुल्तानिया, प्रदीप नारसरिया,रंजन सिंह, सुशील गाड़ोदिया के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।

# देश को आगे बढ़ाने में अहम योगदान देते हैं युवा : वीसी


**डीएसीएमयू में युवा महोत्सव स्पंदन का तीसरे दिन भी छात्रों ने मचाया धमाल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएयू) में आयोजित युवा महोत्सव स्पंदन के तीसरे दिन विवि के वीसी डॉ डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मौके पर सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों से युवा महोत्सव के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत को युवा देश माना जाता है, क्योंकि दुनिया भर में सबसे अधिक संख्या में युवा भारत में ही है और देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देते हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा की प्रधानमंत्री ने युवा महोत्सव के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था कि भारत अपने सामर्थ्य से भी युवा है। अपने सपनों से भी युवा है। अपने चिंतन से भी युवा है और अपनी चेतना से भी युवा है। इसके बाद उन्होंने विवि के विद्यार्थियों से कहा कि इस युवा महोत्सव को शांतिपूर्ण और अनुशासनात्मक तरीके से सफलता की पूर्णता तक ले जाने के लिए विद्यार्थियों, ऊजार्वान शिक्षकों , सभी कर्मियों का आभार प्रकट करता हूं। इसके पूर्व आज स्पंदन के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रथम सत्र में स्किट्स, मिमिक्री और वन एक्ट प्ले के जरिये अपनी प्रतिभा को दशार्या। आज आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं में वन एक्ट प्ले, स्किटस और मिमिक्री प्रतियोगिता की समन्वयक डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ शालिनी लाल एवं डॉ राजेश कुमार, डॉ आभा झा, अचला कंडुलना, विकाश चंद्र शर्मा, राहुल देव शाह की उपस्थिति में हुई।

## राज्यपाल ने जेपीएससी को कट ऑफ मार्क्स जारी करने का दिया निर्देश



**रांची।** सातवीं से दसवीं सिविल सर्विस परीक्षा जेपीएससी का परिणाम आए 5 महीने बीत गये। इसके बाद भी आयोग की ओर से कटऑफ नहीं जारी किया गया है। राज्यपाल ने आयोग के सचिव को निर्देश दिया है कि वह कट ऑफ अविलंब जारे करे। बताते चलें कि झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन सातवीं से दसवीं के परिणाम घोषित होने के बाद अभ्यर्थियों की लगातार मांग की जा रही थी कि कट ऑफ लिस्ट जारी करें। जिसे लेकर के जेपीएससी अभ्यर्थियों के द्वारा आंदोलन भी किया गया। बावजूद जेपीएससी के द्वारा कट ऑफ लिस्ट जारी नहीं किया गया। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने जेपीएससी को आदेश दिया की सातवीं से दसवीं जेपीएससी का कटऑफ लिस्ट जारी किया जाए।

## येसु ख्रीस्त के जन्मोत्सव को लेकर और सांसारिक तैयारी का समय है आगमन काल : डॉ क्रास्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** येसु ख्रीस्त के अनुयायियों के जीवन में आगमन काल या एडवेंट का विशेष महत्व रखता है। वास्तव में आगमन काल ख्रीस्त जयंती से पूर्व की आध्यात्मिक व सांसारिक तैयारी की अवधि है। एडवेंट का यह शब्द लैंटिन भाषा के एडवेंटुस से आया है। जिसका अर्थ है किसी सम्राट या राजाधिराज जैसे महान व्यक्ति का आागमन।

जिस तरह किसी सम्राट, राजा महाराजा या किसी महान व्यक्ति के आगमन पर उसके स्वागत के लिए लिए लोग तैयारी करते हैं, आगमन काल में मसीहियो के द्वारा सोल्लास तथा पाकीजगी के साथ आध्यात्मिक तैयारी और सांसारिक तैयारी का सिलसिला भी कुछ वैसा ही जो राजाओं के राजा येसु ख्रीस्त, प्रेम, शांति, दया, करुणा के सागर येसु ख्रीस्त के आगमन से पूर्व करते है। संत अलबर्ट कॉलेज के भारतीय दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ राजू फेलिक्स क्रास्ता ने यह जानकारी देते हुए खबर मन्त्र को विशेष साक्षात्कार में बताया। कहा कि वास्तव में ईसाई लोगों के साल की शुरुआत राजाओं के राजा येसु ख्रीस्त के आगमन के साथ होती है।

डॉ क्रास्ता ने बताया कि रविवार कैथोलिक विश्वासियों ने ख्रीस्त राजा का पर्व मनाया। उसके बाद का रविवार वास्तव में मसीहियों के लिए आगमन काल का शुभारंभ है। आगमन काल की अवधि पूरे चार सप्ताह की ओहती है। उसमें प्रथम रविवार से 16 दिसंबर आगमन काल का प्रथम समय है तो वहीं 17-24 दिसंबर की अवधि आगमन काल का दूसरा समय। मसीही विश्वासियों के लिए उक्त दोनों अवधि मसीह के देहधारण और जन्म की तैयारी के है। आगमन काल की पहली तैयारी में ख्रीस्त जन्मोत्सव मनाने को लेकर मसीहियों के द्वारा की जाने वाली वाह्य तैयारी है जिसमें मसीही अपने घरों, मुहल्लों और आसपास की साफ-सफाई, रंग-रोगन और साज-सज्जा कर इस तरह तैयार करते हैं कि उसमें दया व करुणा के सागर, राजाओं का राज येसु ख्रीस्त वास कर सकें।

## कोनका रोड में होटल मैक्स का उद्घाटन

**रांची।** राजधानी के कोनका रोड में नवनिर्मित चार मंजिले होटल मैक्स का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठित डेंटल सर्जन डॉ सतेन्द्र ने फीता काटकर कर इस होटल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही होटल मैक्स में ग्राहकों की सेवा का कार्य आरंभ हो गया। होटल मैक्स के प्रोपराइटर मो मोख्तार ने बताया कि इस होटल में ग्राहकों की जरुरतों को ध्यान में रख सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने कहा कि होटल मैक्स में लोगों के लिए बिल्कुल वाजिब मूल्य पर सिंगल व डबल बेडरुम तथा डिलक्स रुप उपलब्ध है। होटल प्रबंधन की ओर से ग्राहकों को बेहत्तर सेवा के लिए सर्विस ब्वॉय तैनात है। होटल मैक्स में साथ ही ग्राहकों को यह उत्तम सेवा उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मो आफान, एजाजुल रहमान, साहेब अली, जकी अहमद, सुरेन भाई, मो तौकीर, रहीम, अब्दुल खालिक, गोपाल भाई व अन्य उपस्थित थे।

# मार्गशीर्ष अमावस्या पर भजन से खाटू नरेश को रिझाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जय जय जय खाटू के वासी, जय जय बाबा श्याम शरणागत ... हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा के भोग के समय भक्ति भाव से इस भजन का गायन कर खाटू नरेश को रिझाया जा रहा था। पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंजता रहा। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की व्यवस्था अनुसार खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न हुआ। गंगाजल, शुद्ध जल, दूध, दही, शहद, चीनी, गुड़, लाल गुलाब के फूल आदि से महास्नान करवाया गया। सुगंधित इत्र लगाये गये। खाटू नरेश सहित मंदिर परिसर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नया वस्त्र बागा आदि धारण करवाया गया। फूलों से मंडल के श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मनोहरी श्रृंगार किया गया। पंचमेवा का भोग लगाया गया। प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गयी। चिरौंदी निवासी संजीव कुमार ने श्रृंगार, सुश्री मधुश्री पंचमेवा, राजेश शर्मा व राजेश सिंघानिया ने सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि अमावस्या के कारण आज प्रातः से ही भारी संख्या में भक्तों ने श्याम दरबार में उपस्थित होकर अपना मत्था टेका व खाटू नरेश के श्यामल रूप का दर्शन किया। रात्रि 9:30 बजे पट बंद होने तक भक्तों ने मंदिर में आकर अपनी मनोकामना निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार (26 नवंबर) को संध्या 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 38वां श्री श्याम भंडारा होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा होता है।



## संत कोलंबस स्कूल पंडरा के विज्ञान कला प्रदर्शनी का संजय सेठ ने किया उद्घाटन



**रांची।** संत कोलंबस स्कूल फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा में बुधवार को विज्ञान कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय सांसद संजय सेठ ने किया। मौके पर स्कूल के मुख्य निदेशक अनिल कुमार, प्रिंसिपल अभिनव आर्य, अनिमेष आर्य और निर्देशिका प्रीति वाला एवं नेहा आर्या भी उपस्थित थीं। प्रतिभागी बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ उन विषयों पर भी कला प्रदर्शन किया, जिन विषय पर अपना भविष्य निर्माण में वह रुचि रखते हैं। जिन बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई करनी है, उन्होंने मेडिकल कैंप लगाया। जिन्हें वन विभाग में जाना है, उन्होंने फॉरेस्ट थीम पर, जिन्हें देश की सेवा करनी है उन्होंने इंडियन आर्मी। इसी तरह साइंस में रूचि है तो उन्होंने वाटर साइकिल, सोलर सिस्टम और एग्रीकल्चर आदि का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य अभिनव आर्य ने कहा कि इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों द्वारा बच्चों को उनके पसंदीदा क्षेत्र में स्टार्टअप लर्निंग में मार्गदर्शन करना है। उन्होंने सभी शिक्षकों अरुण कुमार, अरविंद यादव, अभिषेक रंजन, रोहित वर्मा, सोनी कुमारी, दीपशिखा कुमारी, प्रीति कुमारी एवं स्कूल की उप प्राचार्य अमृता पांडे को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने इंटर्नशिप कर रहे केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के कार्यों को भी सराहा।

स्पीड न्यूज

## हाईवा ने मारी ठोकर कंटेनर ट्रक पलटा



**ओरमांझी।** एनएच-20 ओरमांझी फोरलेन में एक तेज गति से जा रही अज्ञात हाईवा ने कंटेनर ट्रक जेएच01ईके-8379 को ठोकर मार दिया। जिससे कंटेनर ट्रक सड़क पर पलट गई। वहीं कंटेनर में सवार हजारीबा निवासी समीर मुंडा 20 वर्ष घायल हो गया। बुधवार को दोपहर दो बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि हजारीबाग से रांची जा रहे कंटेनर जैसे ही थाना क्षेत्र के एसबीआई बैंक ओरमांझी के पास पहुंचा। पिछे से हाईवा ने जारदार ठोकर मार दिया। दुर्घटना के बाद पहुंची ओरमांझी थाना की पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त कंटेनर को जब्त कर लिया गया।

## आत्मनिर्भर बनने के लिए मशरुम उत्पादन बेहतर विकल्प: मथुरा प्रसाद

**सिकिदिरी।** मोबाइल ऐग्रिकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज (मास) संस्थान लालगढ में बुधवार को पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रुप में टुन्डी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित थे। उन्होने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन और उसके प्रशिक्षण के महत्व बताया। कहा आत्मनिर्भर बनने के लिए मशरुम उत्पादन बेहतर विकल्प है। इसके लिए बाजार की ब्यवस्था कराने की जरूरत है। उन्होंने संस्थान की सराहना की। संस्था के सचिव विजय भरत ने कहा की पांच दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 50 लभुकों को ओयस्टर मशरुम व बटन मशरुम का प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर संदीप कुमार, प्रशिक्षक संजय कुमार, अर्जुन महतो, आरपी मिश्रा, बाल्मीकि कुमार, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## आवास का डीडीसी ने लाभुकों का कराया गृह प्रवेश

**तमाड़।** प्रखंड के पुंडीदीरी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत निर्मित पूर्ण आवास में गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उप विकास आयुक्त विशाल सागर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो के द्वारा लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। लुंगटू पंचायत में लंबित आवास को पूर्ण करने हेतु चल रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया गया।प्रशिक्षण प्रदाता को सख्त निर्देश दिया की लक्ष्य के अनुरूप ससमय प्रशिक्षनार्थियो को प्रशिक्षण देंगे एवं लंबित आवासों को तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। उप विकास आयुक्त द्वारा आंगनबाड़ी,आम बागवानी एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया।

## महाप्रबंधक संजय कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की

**खलारी।** डकरा वीआईपी क्लब सभागार में बुधवार को एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की। और बताया कि कोयला खनन के लिए जमीन अभाव के कारण क्षेत्र संकट के दौर से गुजर रहा है ऐसे समय में हर वर्ग और समूह के लोगों का सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि चुरीभूमिगत कोयला खदान में आग लगने के बाद किस प्रकार यहां का श्रमिक संगठन, मीडिया एवं आम लोगों ने सहयोग किया। जिसके कारण रिकॉर्ड समय में खदान चालू हुआ और हर दिन नया रिकॉर्ड बना रहा है।इसी प्रकार केडीएच पुरनाडीह, रोहिणी,डकरा में अलग-अलग तरह की कई समस्याएं खड़ी है।सामूहिक सहयोग से ही समस्या समाधान हो सकेगा और आने वाले समय में एरिया कोयला उत्पादन के क्षेत्र में पिपरवार से भी बड़ा हो जाएगा।उस दौर में पहुंचने के बाद यहां नागरिक सुविधाएं भी बढ़ेंगी।उन्होंनें मिडिया कर्मियों से पॉजिटिव रिपोर्टिंग की अपील करते हुए कहां कि कंपनी के साधन-संसाधनों का दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई अब मजबूरी हो गया है।

# छात्रा से छेड़छाड़ के विरोध में जन प्रतिनिधि ने निकाली यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



बांध टोली के हसीब अंसारी ने सेक्रेट मिशन स्कूल के डायरेक्टर सुरेशवारी महतो के के खिलाफ प्रथमाकी कराई। हसीब अंसारी ने यह मामला दर्ज कराई कि मेरी बेटी 15 वर्ष जो की सक्रेट मिशन स्कूल पिस्का नगड़ी राँची पढ़ने जाती है। उसके साथ डायरेक्टर सुरेशवारी महतो ने छेड़ छाड़ और अश्लील हरकत करने कि कोशिश कि जब वह विरोध करने लगी तो मुँह बांध कर पटक पटक कर लात घुसे से मारा। इधर स्कूल को आज प्रिंसिपल के आदेशानुसार बंद कर दिया गया है।

**पिस्का।** नगड़ी में हुए छेड़छाड़ के विरोध में नगड़ी प्रखंड परिसर नगड़ी के जन प्रतिनिधि और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता तथा दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में विरोध बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में घटना का निंदा किया गया। मौके पर लोगों ने कहा कि घटना संलिप्त निदेशक को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की और नगड़ी प्रशासन को 24 घंटा के अंदर छेड़छाड़ करने वाले व विद्यालय के निदेशक को गिरफ्तार की अन्यथा नगड़ी को अनिश्चितकालीन बंद का वृहद आंदोलन किया जाएगा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की घटना से समाज शर्म सार हो रहा है। गुरू और शिष्य का रिश्ता सबसे पवित्र होता है लेकिन इस स्कुल के निदेशक ने इस कलंकित कर दिया ऐसे लोग कभी माफी के लायक नहीं है। इन्हें कठोर से कठोर सजा मिले। बैठक के पश्चात स्थानीय वरीय समाजसेवी लाल प्रकाश नाथ शाहदेव के नेतृत्व में नगड़ी प्रखंड के जन प्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीणों ने पदयात्रा निकल कर नगड़ी थाना पहुंचे और प्रभारी से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली और लोगों ने कहा कि 24 घंटा के अन्दर छेड़ छाड़ करने वाले विद्यालय के निदेशक को गिरफ्तार किया जाए अन्यथा नगड़ी को अनिश्चित कालीन बंद कर वृहद आंदोलन करने को विवश होगें मौके पर नगड़ी थाना ने कहा कि मामला का जांच चल रहा है जल्द ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि सेक्रेट मिशन स्कूल नगड़ी के डाइरेक्टर के खिलाफ छात्रा के साथ छेड़ छाड़ के विरोध में ग्रामीणों ने पिसका नगड़ी थाने में प्रथमाकी दर्ज कराई थी।

## युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका



**इटकी।** इटकी और नगरी थाना के सीमा पर इटकी थाना क्षेत्र के टुरुगुरु स्थित लद्दा नदी से पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया है। इसकी पहचान नगड़ी थाना क्षेत्र के गुटूवा निवासी सूरज महली (23) के रूप में की गयी है। परिजनों ने उसकी हत्या किये जाने की आशंका जतायी है। परिजनों के अनुसार उसकी हत्या नगड़ी के दलादिली बस्ती स्थित एक निमार्णाधीन मकान में संभवतः गोली मारकर की गयी है। मकान में खून के धब्बे, एक जोड़ी जुत्ता व शराब की बोतल पायी गयी है। मृतक की स्कूटी मेराल बस्ती में मिला है। उसमें भी खून के धब्बे पाये गये हैं। जानकारी के अनुसार मृतक जमीन के कारोबार से जुड़ा था व एक जमीन कारोबारी के साथ ड्राइवर के रूप में कार्य करता

## गांव स्वच्छ बनाने में समाजिक सहयोग जरूरी



बैठक में उपस्थित बांऐ से बीडीओ

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड समन्वय समिति की एक बैठक हुई। प्रमुख अनुपमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रखंड के कई पदाधिकरी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित नही हुए। विभिन्न विभाग के ज्यादातर प्रतिनिधि उपस्थित थें। बैठक में गांव की पेयजल, नाली, सड़क व स्वच्छता का पर विषेष चर्चा हुई। बीडीओ विजय सोनी ने कहा सिर्फ सरकार की पहल से गांव व पंचायत को स्वच्छ नही बनाया जा सकता। इसके लिए समाजिक भागिदारी महत्वपूर्ण है। गंदगी मुक्त गांव बनाने में इच्छा शक्ति होना जरूरी है। उन्होने पंचायत के प्रत्येक वार्ड में एक स्वच्छता समिति बनाने व अपने पंचायत को उद्हरण प्रस्तुत करने की अपील किया। निर्णय हुआ कि जल्द ही मुख्यमंत्री आषीर्वाद फुलो-झानों योजना की जांच की जाएगी। पीएचईडी विभाग के जेई प्रभुषंकर राम ने गोवर्धन योजना की जानकरी दी और कहा जल्द ही प्रत्येक पंचायत में गोबर गैस प्लांट निर्माण कार्य शुरू होगी। वहीं उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को गांव में निर्माण होने वाले पीसीसी पथ की जानकरी दी गई।

## कांके के पुशु गांव मे किसान महिला समिति की बैठक आयोजित



बौठक में शामिल महिलायें

**पिठोरिया।** प्रखंड के पुशु गांव मे किसान समिति महिला सम्भाग कि ओर से ग्रामीणों को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता दमयन्ती कांके मुंडा ने की। कार्यक्रम की उद्घाटन चंडी वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष वीरांगना निभा सिन्हा ने किया। मौके पर कांके ब्लॉक के प्रखंड विकास पदाधिकारी शीलवंत भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरांगना रेणुका तिवारी ने ग्रामीणों को बतलाया की गांव की समस्याओं को लेकर गांव की महिलाएं अब जागरूक हो रही हैं, उन्होंने कहा कि समस्याओं का निदान के लिए महिलाएं जोर शोर से अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रख रहे हैं। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी शीलवंत भट्ट ने कहा कि क्षेत्र की समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बतया कि क्षेत्र की विधवा, वृद्धा, विकलांग व्यक्तियों को पेंशन की सुविधा दी जा रही है। साथ ही उन्होंने बतलाया कि किसी कारण से जिन्हें पेंशन नहीं मिल रहा है, वे फार्म भरकर दे सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष मो0 सज्जाद अंसारी और महिला सम्भाग के वीरांगना रूबी सिन्हा किसान समिति के कांके प्रखंड अध्यक्ष मोङ्क महमूद आलम कि अहम भूमिका रही। वही धन्यवाद ज्ञापन सुशील क्रांतिकारी ने दी। छाया रामकृष्ण मिश्रा।

# राष्ट्रगान के साथ दो दिनी राज्य स्तरीय कला उत्सव का समापन

प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत
यादगार रहा उत्सव का पल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव राष्ट्रगान के साथ समाप्त हो गया। जेसीईआरटी की निदेशक किरण कुमारी पासी समारोह की खास मेहमान थी। उन्होंने विभिन्न जिले से आये बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाया और दस प्रविष्टियों में प्रस्तुत कला की तारीफ की। श्रीमती पासी ने बच्चों से भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय उत्सव में राज्य का नाम रोशन करने की उम्मीद जतायी। इससे पूर्व हस्त लिखित पुस्तक ₹हर्ष जोहार₹ का लोकार्पण किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसिंह ने विजेता और उप विजेता की घोषणा की। निदेशक किरण कुमारी और शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिन्हा ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिये। प्रतिभागियों ने उत्सव को यादगार बताया। संचालन श्री सोरेंग ने किया। उत्सव में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, साहेबगंज, लातेहार, पलामू, गढ़वा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम, खरसावां, लोहरदगा, पाकुड़, जामताड़ा, देवघर, दुमका, चक्रधरपुर व चाईबासा जिले के बच्चों ने भाग लिया।

### बालक और बालिकाओं ने दिखाये जौहर



विजयी प्रतिभागी बच्चे और बच्चियां।

### निभायी भूमिका

उप निदेशक प्रदीप चौबे व सहायक निदेशक बांके बिहारी सिंह समेत विनय भूषण मुंडू, किशोर तिडू, मृणाल पाठक, देवराजसेन गुप्ता, चंद्रशालिनी कुजूर, ब्रजेश कुमार, रामबाबू प्रसाद, अभिलाषा कुमारी, सीमा प्रसाद, अर्चना कुल्लू, दिनेश कुमार, सतीश चंद्रा, जयंत कुमार व परिषद कर्मी आदि।

एक नजर में

## कुरमी विकास मोर्चा ने मनातू कांके में प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया सम्मानित



**काँके।** प्रखंड के मनातू गाँव कांके में कुरमी कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले समाजसेवी अनुप कुमार महतो की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित की गई। इसमें वर्ष 2022 में मैट्रिक इंटर ग्रेजुएशन पोस्ट ग्रेजुएशन उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद संजय महतो सुषमा देवी प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित थे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में काँके थाना के इंस्पेक्टर बृज कुमार ठानो मुंडा मुखिया पूनम देवी राजकुमार महतो राजेन्द्र महतो इत्यादि मौजूद थे कुरमी कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए यह सम्मान समारोह हर गाँव में किया जाना चाहिए वही समाजसेवी अनुप कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा ही हमारे देश और समाज का कल्याण कर सकती है अतः समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन किए जाने चाहिए इस आयोजन को सफल बनाने में मनोज महतो आशीष महतो संदीप महतो संजय महतो रोशन महतो सिकंदर महतो अजय महतो महाबीर महतो दीपक मेहता सुरेश महतो रामप्रसाद महतो फुलेश्वर महतो इत्यादि लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमें में मिक्स एन सोक केक मिश्रण सेरेमनी का हुआ आयोजन



**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमें में बूधवार को मिक्स एन सोक केक मिश्रण सेरेमनी का आयोजन किया गया। केक मिश्रण ईसाई घरों और होटलों या कैफे के सबसे प्रतीक्षित पारंपरिक अनुष्ठानों में से एक है जो क्रिसमस के मौसम की शुरूआत का प्रतीक है। सेरेमनी के मुख्य अतिथि के रूप में पुलीस निरीक्षक अवधेश ठाकुर, बीडीओ सुलेमान मुंडरी, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, समाज सेवी राजीव रंजन, पूर्व मुखिया जयवंत तिग्गा, उपस्थित थे। केक मिक्सिंग सेरेमनी में सूखे मेवे में रम, व्हिस्की तथा वाइन मिलाई जाती है ताकि केक में स्वादिष्ट फ्लेवर आ सके जो की एक माह तक केक मिक्सिंग प्रोसेस में रहेगा। इस दौरान संस्थान के शिक्षेक्तर, कर्मी एवम सभी छात्र - छात्राएं मौजूद थे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार द्वारा सभी उपस्थितगण का अभिवादन किया गया तथा केक मिश्रण के महत्व को साझा करते हुए बताया की क्रिसमस तथा नए साल के जश्न मनाने हेतु केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन खुशियां बांटने की परंपरा है, जो अच्छे समाचारों व खुशियों के आगमन की प्रतीक है तथा इस आयोजन से रचनात्मकता व एकजुटता भी भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

# खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



खेल में विजेता प्रतिभाओं के बीच पुरस्कृत वितरण करते

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में प्रखंड संसाधन केंद्र बेड़ो के तत्वाधान में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च व मध्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। खेलों में दौड़,लंबी व ऊंची कूद,गोला फेंक हॉकी व फुटबॉल का आयोजन किया गया। जिनमें से प्रखंड स्तर पर बेहतर खेल खेलने वाले टीम और खिलाड़ियों का चयन प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वहीं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीम को बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख विनिता कच्छप,सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय मुखिया सुशांति भगत बीडीओ डा प्रवीण कुमार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी प्रो करमा उरांव समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है जो जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

## झामुमो बाढु पंचायत समिति का हुआ गठन



**कांके।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड समिति के अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी द्वारा सर्वसम्मति से बाढु पंचायत समिति का गठन किया गया जिसमें पंचायत अध्यक्ष जावेद आलम उपाध्यक्ष मनीष उरांव मनोज उरांव सचिव नरेश मुंडा संगठन सचिव रवि उरांव संयुक्त सचिव उमेश लिंडा कोषाध्यक्ष सलमान सहित कार्यकारिणी के 13 सदस्य मनोनीत किए गए सभी को माला पहना कर स्वागत किया गया इस मौके पर जावेद अख्तर अंसारी ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है झामुमो पार्टी ही यहां के आदिवासियों मूलवासियों अल्पसंख्यकों पिछडों व गरीबों को इनका अधिकार दे रही है इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, अंसारी हनीफ मौजूद थें।

## कस्तूरबा गांधी में शिक्षक-अभिभावक बैठक का किया गया आयोजन



**सोनाहातू।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता राजेश्वर कोईरी ने किया। संचालन विद्यालय वार्डेन शशि बाड़ा ने की।इस अवसर पर विद्यालय में अच्छी शिक्षा एवं अन्य प्रकार के विकास पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय के वार्डेन शशि बाड़ा ने कहा कि बच्चियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए शत प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए तभी वह पढ़ाई का सही लाभ ले सकती है। उन्होंने कहा कि 90 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। अभिभावक इस बात पर पूरा ध्यान दें कि छात्राओं में लर्निंग गेप नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा बच्चियों से मिलने के लिए जो दिन निर्धारित किया गया उसी दिन आकर मिलें। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका फुलमनी बाड़ा,ज्ञान महतो,वनमाली कुमार महतो,राजाराम लोहरा,प्रदीप गोराई, जयराम महतो,कृष्ण चंद्र महतो के अलावे अभिभावक उपस्थित थे।

## नेताओं प्रति मजदूरों का असंतोष चिंता का विषय: कमलेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** डकरा वीआईपी क्लब में बुधवार को संघ की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पत्रकारों से बात कर रहे थे। जिसमें जनता मजदूर संघ से सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि ट्रेड यूनियन नेताओं के प्रति मजदूरों का असंतोष चिंता का विषय है। इसमें व्यापक बदलाव की जरूरत है।यह इसलिए भी जरूरी है कि कोयला उद्योग में सक्रिय रहे सैकड़ों ट्रेड यूनियन नेताओं ने अपने त्याग-तपस्या से इसे सींचा है। साकारात्मख बदलाव कर उन्हें हम सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होनें यह भी कहा कि मैं बड़े बदलाव के उद्देश्य से बड़ा दायित्व लिया हूं ताकि मजदूरों और आम लोगों के सहयोग से कुछ एसी धारना को बदल सकूं जिसके कारण यूनियन की बदनामी हो रही हैसीसीएल सलाहकार समिति की बैठक को उन्होंने पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं और उसका अच्छा असर दिखाई देने लगा है। बताया यह भी कहा कि बहुत जल्द उनके संगठन में साकारात्मक बदलाव दिखेंगे। पिछले दिनों संगठन का धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम उसी बदलाव की शुरूआत है। धरना-प्रदर्शन के बाद बदली हुई स्थिति से उन्होंने पत्रकारों को अवगत कराया। इस मुहिम पर काम करने के लिए मजदूरों से सहयोग और सुझाव का अपील किया है।

## खेलो झारखंड के तहत राहे प्रखंड में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**राहे।** स्कूली बच्चों के बौद्धिक व शारीरिक विकास और प्रतिभा खोज के उद्देश्य झारखंड परियोजना निदेशक रांची, जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर राहे प्रखंड में दो दिवसीय खेलो झारखंड खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजन किया गया। डोमनडीह बालिका हाई स्कूल मैदान में आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के सभी स्कूलों के बालक बालिकाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। सफल सभी प्रतिभागियों को मेडेल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद राहे बादल महतो ओर उपप्रमुख उमेश महतो उपस्थित रहे। खेल शिक्षक ललित मुंडा,अजित कुंडू,ज्योतिष बारला, नारायण स्वांसी के देख रेख में रेफरी सुनील महली के सहयोगियों के द्वारा प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया गया। संचालन बीपीओ प्रवीण कुमार ने किया।

# विगत बीस वर्षों से कराटे का प्रशिक्षण बच्चों को दिला रहे हैं : दिनेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिठोरिया।** किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया में मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा विगत 20 वर्षों से लगातार कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने कहा है कि इन 20 वर्षों में हमारे विद्यालय के बहुत से बच्चों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर कई पदक हासिल किए हैं, जिससे हमारे विद्यालय की गरिमा बढ़ी है। संस्था के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक के द्वारा प्रशिक्षित हमारे बच्चे काफी मेहनती हैं जिन्हें उनका फल भी मिलता है। हमने पाया है कि जो बच्चे नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण लेते हैं उनका अन्य बच्चों की अपेक्षा शारीरिक एवं मानसिक विकास तीव्र गति से होता है। वे काफी तेज एवं चंचल होते हैं। लड़कियों को भी हमने देखा है कि वे आत्मविश्वास से लबरेज रहती हैं। हर असामाजिक तत्व का सामना करने के लिए वे सक्षम हो पाती हैं और इन्हीं मुख्य कारणों की वजह से हमने अपने स्कूल में लगातार कराटे का प्रशिक्षण दिलवाना प्रारंभ किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षकों में मोहम्मद अफरोज आलम, नरेश कुमार साहू, पूनम कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, पंकज कुमार रजक, स्वप्न कुमार मौजूद थें।

## जेसोवा ने बच्चों व शिक्षकों से की मुलाकात

**मांडर।** प्रखंड के चुंद गांव में रात्रि पाठशाला के बच्चों व शिक्षकों से जेसोवा (आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन) की टीम ने बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों व बच्चों से बात कर उनसे पढ़ाई लिखाई के अलावा अन्य जानकारी हासिल की। इस अवसर पर शिक्षक नंदू उरांव ने उन्हें बताया कि अखिल भारतीय विकास परिषद द्वारा संचालित रात्रि पाठशाला में वर्तमान में 35 बच्चे पढ़ते हैं। यहां शाम 5 बजे से आठ बजे तक कक्षा एक से दस तक के बच्चों को हिंदी, गणित व अंग्रेजी के अलावा कुडुख भाषा की पढ़ाई करायी जाती है। जेसोवा की टीम ने शिक्षकों व बच्चों की हौसला अफजाई की और उनके बीच स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल, आदि का वितरण किया और रात्रि पाठशाला के लिए 20 पीस बेंच, इन्वर्टर, वाइट बोर्ड, सीलिंग फैन उपलब्ध कराया।

# दोषियों पर हो कार्रवाई: सांसद

सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे पुरानी डेली मार्केट, किसानों से कि मुलाकात

किसानो ने सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार को पुराना डेली मार्केट में किसानों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। बुधवार की शाम हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा पुराना डेली मार्केट पहुंचे और किसानों से मुलाकात की। इस मौके पर किसानों ने सांसद को बताया कि सोमवार को अधिशासी अधिकारी एमएस हरिविजय पुराना डेली मार्केट पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने जेसीबी चालक को वहां से दुकान हटाने का निर्देश दिया। किसानो ने बताया कि इसके बाद वहां छावनी परिषद के लोगों और



किसानो से मिलने पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा

स्थानीय दुकानदारों में झड़प आरंभ हो गई। इस दौरान छावनी परिषद के कर्मचारियों द्वारा किसानो पर लाठी डंडों से प्रहार किया गया। जिसमें 7 किसान घायल हो गये। जिनका इलाज चल रहा है। किसानो ने सांसद को यह भी बताया कि मामला अभी न्यायालय में है तो फिर कार्रवाई क्यों की गई।

**दोषियों पर हो कार्रवाई: सांसद**

किसानो की बात सुनने के बाद सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि किसानो से पता चला कि उनपर हमला हुआ है। कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद ने कहा कि मामले में शामिल दोषियों पर कार्रवाई की जाये। क्योंकि किसी पर हमला का कानून किसी को अधिकार नही देता है।

मौके पर रामदेव प्रसाद, बलजीत सिंह बेदी, अमित कुमार, संदीप कुमार, हरिहर महतो, राजेंद्र महतो, राजकुमार, शंभू महतो, संतोष गुप्ता, राहुल कुमार, चुन्नीलाल महतो, भीम महतो, होरेंदर महतो, जगदीश महतो, पूर्णलाल महतो, राजन महतो, नामित कुमार, सुधीर कुमार, ऐनुल हक खान, अनिल गुप्ता आदि मौजूद थे।

**किसानो द्वारा दिया गया ज्ञानन**

वहीं किसानो ने सांसद जयंत सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा है कि वे 1960 ई से यहां सब्जी बेचने का कार्य करते आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें यहां से हटाने का प्रयास किया जाना अनुचित है। इसपर सांसद ने कहा कि वे मामले में उनकी मदद का पूरा प्रयास करेंगे।

# रैयतों ने सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात कर भू अर्जन विभाग की शिकायत की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** एनएच 31 तिलैया रोड में सड़क चौड़ीकरण के दौरान अधिग्रहण किये जाने वाले जमीनों की मुवावजा राशि मे हेराफेरी को लेकर जमीन रैयतों ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से जाकर मुलाकात किया। रैयतों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद जयंत सिन्हा से मिलकर बताया कि बरही के तिलैया रोड एन.एच. 31 फोर लेन रोड चौड़ीकरण में भू-अर्जन द्वारा अधिग्रहण किया गया जमीन एवं मकान (दुकान) के दिए जा रहे मुआवजा राशि मे काफी हेराफेरी किया जा रहा है। उन्होंने भू अर्जन पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नियुक्त आर्बिटेटर भी उनकी बात नहीं सुन रहे है और एन एच पदाधिकारी द्वारा मशीन



सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात करते रैयत

लगाकर दुकान व मकान तोड़ने में लगे है और संबंधित पदाधिकारी द्वारा केस करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने सांसद जयंत सिन्हा से आग्रह किया कि लोगों का मुआवजा जब तक उचित नहीं मिल जाता है तब तक मकान व दुकान नहीं टूटे। उन्होंने सांसद से आग्रह किया कि सबसे पहले तिलैया रोड में जो काम हो रहा है उसे रुकवाया जाए, ताकि उनका मुआवजा सही और न्याय रूप से मिल सकें। रैयतों ने कहा कि है कि पूरे तिलैया रोड में मकान एवं दुकान है परंतु जीएसटी नम्बर देने पर कॉमर्सियल मुआवजा दिया गया है लेकिन छोटे दुकानदार गरीब एवं मजदूर के दुकान का आवासीय एवं खाली जमीन कृषि जमीन में डाल दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, भगवान केशरी, मनोज केशरी ज चंदन कुमार, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक प्रसाद दांगी के नेतृत्व में परेड मैदान पदमा में आयोजित किया गया। जिसमें पदमा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे कबड्डी वॉलीबॉल लंबी कूद ऊंची कूद दौड़ इत्यादि खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीलम मरांडी एवं संकुल साधन सेवी आदि ने खेलों को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

### झरपो पंचायत में सात स्थाई समिति का हुआ गठन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत विकास सबंधी लेकर पंचायत के मुखिया शिबुप्रसाद सोनी की अध्यक्षता में ग्राम रक्षक समिति,सार्वजनिक संपदा समिति,स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण समिति, प्रशासन समिति ,समाजिक कल्याण समिति,कृषि सहकारिता एवं उद्योग समिति,संचार एवं अधो संचार समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद ने किया । सभी गठन समिति में दो दो वार्ड सदस्य हैं । मौके पर उपमुखिया राजेन्द्र कुमार,रोजगार सेवक सन्तोष दास,वार्ड सदस्यों में केदार गौरव, रवि यादव, कृष्णा कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### दर्जनों लोगों ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता

**कुजू।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक खीरू महतो को जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से लेकर राज्य सभा सदस्य व कोयला मंत्रालय ने सलाहकार सदस्य चुने जाने के बाद क्षेत्र में एक बार फिर लोगों का रुझान जदयू की ओर होने लगा है ।नित रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोग जदयू की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसी कड़ी में मांडू प्रखण्ड के केदला मध्य पंचायत अंतर्गत केदला चौक में दर्जनों लोगों ने जनता दल यूनाइटेड मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार पटेल की उपस्थिति में जदयू की सदस्यता ली। मौके पर श्री पटेल ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी का पार्टी ने आने का स्वागत किया।

### पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जप्त

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने गूप्त सूचना पर एके कोलियरी घाट के पास से बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया है। जप्त किये गये दोनो ट्रैक्टर बिना नंबर की है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर ओपी ले आई है। मामले पर ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। माइनिग एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। किसी भी हाल में ओपी क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। इधर ट्रैक्टर पकड़ाने के बाद से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।


### एनटीपीसी पकरी में बैटरी चालित ट्राईसाईकिल का किया गया वितरण

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन द्वारा समाजिक दायित्व के तहत परियोजना महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव,सीएसआर महाप्रबंधक उत्तम लाल, उमहाप्रबधक पि के ध्यानी के हाथों द्वारा बड़कागांव की स्नातक छात्रा सुनिता कुमारी को दिया गया। सुनिता कुमारी संत कोलंबा कॉलेज के बी ए की छात्रा है। अपने सीएसआर के दायित्वों के तहत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मोटोराईस ट्राईसाईकिल सुनीता कुमारी को दिया। एनटीपीसी मावनव संसाधन के उप महाप्रबंधक मृत्युंजय कुमार वर्मा, आर एण्ड आर के उपमहाप्रबंधक प्रबंधक श्री राम साहब, अजित कुमार कमला राम रजक ने सफल किया।

### समाजसेवी जागेश्वर मिश्र का निधन से शोक की लहर

**कटकमदाग।** प्रखंड के ग्राम लूटा निवासी समाजसेवी सह सेवानिवृत्त खेल शिक्षक जागेश्वर प्रसाद मिश्र अब इस दुनिया में नहीं रहें। बुधवार को पूर्वाह्न 10 :30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 94 वर्ष के थे।

# अंबा प्रसाद ने बड़कागांव में 20 सूत्री कार्यालय का किया उद्घाटन



**बड़कागांव।** प्रखंड मुख्यालय में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार और गांव पंचायत से आने वाले फरियादी ग्रामीणों की समस्या को हल करना प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि बीस सूत्री का कार्यालय प्रखंड मुख्यालय में होने से जनसमस्याओं को सुलझाने में काफी सहूलियत होगी तथा पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित होगा। वही इससे पूर्व बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे मौजूद थें। जगत

# कई मायनों में मील का पत्थर साबित होगी आज की रैली : सन्नी कुशवाहा

भाजपा किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के खिलाफ निकाला जनाक्रोश रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा बुधवार को राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान मोर्चा के कार्यकर्ता मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। इस दौरान हेमंत सोरेन मुर्दाबाद सहित झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में मोटर साइकिल जुलूस के शक्ल में रामगढ़ जिला मुख्यालय के लिए



रामगढ़ जिला मुख्यालय के लिए रवाना होते मोर्चा के लोग

रवाना हुए। रवानगी से रूप जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार किसान विरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त है, इसे उखाड़ फेकना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार अपनी आखिरी दिन गीन रही है। भाजपा सरकार द्वारा चलाये गये जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर यह साबित कर दिया है कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आज का रैली कई मायनो में मिल का पत्थर साबित होगा। जनाक्रोश रैली में मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, रामकृष्ण दुबे, जागेश्वर महतो, राजेंद्र मुंडा, संतन सिंह, हीरालाल महतो, सामो बेदिया सहित कई भाजपाई शामिल थें।

## एक नजर में

### 24 घंटे के अंदर 2 लोगों को किया गिरफ्तार

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सिरमा पंचायत भवन में सोलर प्लेट चोरी एवं एक अन्य मामले में पुलिस द्वारा छापामारी कर 24 घंटे के अंदर 2 लोगों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया। बड़कागांव इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस ने छापामारी करते हुए पंचायत भवन से हुई चोरी मामले में बड़कागांव थाना कांड संख्या 284 ऑब्लिक 22 धारा 379 461 के तहत एक सोलर प्लेट 2 बैटरी जप्त करते हुए छावनी टोला पगार 37 वर्षीय मोहम्मद अब्बास अंसारी पिता शुभरात्रि मियां को गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरा मामला बड़कागांव थाना कांड संख्या 285 ऑब्लिक 22 धारा 457 380 34 भादवी के तहत छापामारी करते हुए शर्मा निवासी 26 वर्षीय मोहम्मद इरफान खान पिता स्वर्गीय अशरफ अली को गिरफ्तार करते हुए 26 प्रकार के घरेलू हरिया बर्तन डेगची, 1 स्टेप लेजर , आयरन,गैस बत्ती, स्टील का छोटा ड्राम, बाल्टी , कढ़ाई,छोलनी यदि सामग्री बरामद की गई। छापामारी दल में एसआई अभय कुमार, प्रेम कुमार ,एएसआई शिवानंद एवं सशस्त्र बल शामिल थे। इस संबंध में बड़कागांव के इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में छापामारी जारी है। घटना से संबंधित और चोरों को बहुत जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### छापेमारी कर लगभग 40 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र में कोयले की तस्करी अंकुश लगाने को लेकर चरही पुलिस और सीसीएल के सुरक्षा विभाग ने संयुक्त अभियान अभियान चलाकर मंगलवार को छापेमारी कर लगभग 40 टन अवैध स्टीम कोयले को जब्त किया। चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह चौधरी ने बताया की क्षेत्र में कई दिनों से अवैध कोयले की तस्करी होने की बात कही जा रही थी। जगह जगह पर गश्ती लगाया गया। लेकिन कोई तस्कर हाथ नहीं आ रहे थे। इस विराम लगाने को लेकर सोमवार रात को सीसीएल सुरक्षा विभाग के साथ टीम को गठन किया गया। मंगलवार को दोनों टीमों ने एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में तापीन नॉर्थ के 42 बंद पड़े खदान के समीप जंगल मे छापामारी किया गया। इस दौरान 42 टन कच्चा कोयला बरामद किया गया ।उक्त कोयले को जेसीबी मशीन को मंगवाकर हाइवा वाहन में लोडकर वजन घर लाया गया। जहां पर वजन कराकर कोयले को तापीन नॉर्थ कोलियरी के प्रबंधन को लिखित जिम्मेनामें पर सौंपा गया। आगे बताया कि चरही थाना क्षेत्र में कोयले तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाएगा। इस तरह के अवैध कारोबार करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जाएगा।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं: सुधा देवी



**रजरप्पा।** खेलो झारखण्ड के तहत चितरपुर व दुलमी के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने डीएवी मैदान में चल रहे दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया. इनमें विजेता बच्चों को प्रोत्साहन के साथ ही पुरस्कृत भी किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, डीएवी प्राचार्य एचके झा, भुचूगंडीह मुखिया सुनीता देवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी इंशाअल्लाह ने संयुक्त रूप से किया. मौके प? मुख्य अतिथि ने कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। खेल से बच्चों मे सामुदायिक सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलों में दौड़, लंबी व ऊंची कूद, गोला फेंक व फुटबॉल शामिल है।

### लंबित मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र करें : रमेंद्र कुमार



**भुरकुंडा।** रीवर साइड भुरकुंडा स्थित अफिसर्स क्लब में बुधवार को सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र अंतर्गत कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन हुआ। बैठक में सीएमपीएफ अपर आयुक्त एसके सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक सोशल सेक्युरिटी) सीसीएल मुख्यालय यूपी नारायण, महाप्रबंधक (सीसीएल मुख्यालय) अमरेन्द्र कुमार, बोर्ड अफ ट्रस्टीसह जेबीसीसीआई सदस्य रमेन्द्र कुमार व डीडी रामनंदन, महाप्रबंधक (संचालन)विनोद कुमार, स्टाफ अफिसर (कार्मिक) एके मल्लिक मुख्य रूप से उपस्थित थें। मौके पर सीसीएल कर्मियों के सीएमपीएफ और पेंशन से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। इस दौरान कुल 146 लंबित मामलों की सुनवाई हुई। जिसमें कई मामलों में जमकर बहसबाजी भी हुई। साथ ही लंबित मामलों के जल्द से जल्द निष्पादन करने के निर्देश दिये गये।

# स्थाई लोक अदालत के जरिए 75 लाख के ऋण की वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड सभागार में स्थाई लोक अदालत का आयोजन बुधवार को किया गया। स्थाई लोक अदालत में हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ललन लाल श्रीवास्तव और हजारीबाग बैंक ऑफ इंडिया शाखा के एलडीएम सुधाकर पांडे की उपस्थिति में स्थाई लोक अदालत का संचालन किया गया। स्थाई लोक अदालत के जरिए कुल 165 खाताधारकों के लोन संबंधित मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। एलडीएमएस सुधाकर पांडे ने बताया कि बिष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के तीन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा अंतर्गत लगभग 965 खाताधारकों को लोन संबंधित मामले को लेकर पूर्व में नोटिस की गई थी। साथ ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में



मौके पर उपस्थित लोग

स्थाई लोक अदालत के जरिए लोन संबंधित मामले को निपटाने के लिए जोर-शोर से माइक द्वारा प्रचार-प्रसार भी करवाया गया था इसके तहत बुधवार को प्रखंड सभागार में 165 खाताधारकों के लोन संबंधित मामले आसान सुलह और समझौते के जरिए कर तकरीबन 75 लाख रु की वसूली की गई। हजारीबाग बैंक ऑफ इंडिया शाखा के एलडीएम सुधाकर पांडे ने बताया कि प्रखंड स्तरीय लोक अदालत के जरिए मामलों का निष्पादन ग्राहकों के सुलभता के लिए आयोजन किया गया था, ताकि ग्राहकों को समय और पैसे की बचत हो सके। ग्राहकों से अपील करते हुए श्री पांडे ने कहा कि जितने लोग लोक अदालत में किसी कारण से शामिल नहीं हो सके और अपने लोन सम्बंधित मामले का समझौता के जरिए नहीं करा सके वे अपने नजदीकी शाखा में जाकर आसान समझौता के तहत लोन संबंधित मामले को निपटारा कर सकते हैं।

# मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल में योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**कुजू।** भरेचनगर स्थित मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल में बुधवार 23 नवंबर को ध्यान व योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बहन सूची अग्रवाल ने छात्रों को योग-ध्यान से होने वाले गुणों की जानकारी देते हुए योग-ध्यान करने की विधियां बताई। कहा कि योग व ध्यान के माध्यम से एक अत्यंत सरल परंतु अपने आप में मौलिक कार्यक्रम को स्कूल में संचालित करने से छात्रों में नैतिक मूल्यों एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती हीं है। साथ हीं साथ सर्वांगीण विकास संभव है। बहन अग्रवाल ने बताया कि आधुनिक जीवन पद्धति का अंधानुकरण, उपभोक्तावाद, भौतिकवाद हमारी युवा पीढ़ी के किसी भी विचार-व्यवहार को तर्कसंगत सिद्ध कर सकता है। भले हीं वह विचार उनके जीवन के लिए उचित हो या न हो। इन विपरीत परिस्थितियों का समाधान छात्रों की आंतरिक ऊर्जा की जागृति से हीं संभव हो सकता है। कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से बच्चों को मेडिटेशन क्लास दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मधु कुमारी ने की। मौके पर विद्यालय के अनेक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# झारखंड सरकार लोगों के हित में कार्य की जगह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है: जयंत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला समिति ने समाहरणालय में जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ,पूर्व सांसद प्रो.यदुनाथ पांडेय मौजूद थे। उनकी मौजूदगी में पार्टी सदस्यों ने



कार्यक्रम में शामिल भाजपाई

जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा की भाजपा के कार्यकाल में सड़क,बिजली सहित आमजनों से जुड़ी योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही थी पर हेमंत सोरेन के सत्तासीन होते हीं न सिर्फ विकास कार्य की गति धीमी हुई,बल्कि हर टेंडर के बदले मोटी वसूली शुरू हुई जिसके कारण आज विकास कार्य ठप हो गये हैं।

### हेमंत सरकार के खिलाफ दारू में हुआ प्रदर्शन

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हेमंत सोरेन की राज्य सरकार के कार्यकलाप के खिलाफ बुधवार को समाहरणालय परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में दारू प्रखंड से भी बड़ी संख्या में महिला पुरुष भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता झुमरा कोल्ड स्टोर के परिसर में एकत्रित हुए जहां पर प्रखंड के दारू, इरगा, रामदेव खैरिका, जिनगा, मेड़कुरी , दिग्वार आदि पंचायतों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पार्टी का झंडा लेकर राज्य सरकार के खिलाफ हेमंत सोरेन मुदार्बाद, राज्य सरकार होश में आओ आदि के नारे जमकर लगाए। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि राज्य सरकार का पाप का घड़ा भर गया जो जल्द ही फूटेगा अब इस सरकार को उखाड़ फेंककर ही दम लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रखंड महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा,विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू,महिला मोर्चा की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी मौजूद थें।

# आईलेक्स पब्लिक स्कूल के बच्चे को घुड़सवारी का प्रशिक्षण

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरही।** पंचमाधव में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक सह प्राचार्य शैलेश कुमार के निर्देशन में विद्यार्थियों को घुड़सवारी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को घुड़सवारी के लिए बेसिक ज्ञान और तमाम तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। आज सीबीएसई ने भी खेल के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए



बच्चे को घुड़सवारी के गुर बताते विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार

कई कदम उठा रखे हैं। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कुछ ऐसा करने का साहस उठाया है, जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने विश्वप्रसिद्ध सोनपुर पशु मेले से तीन अच्छी नश्ल के घोड़े खरीदकर लाए है। साथ हीं एक अश्व संचालक को भी नियुक्त किया है। घुड़सवारी से कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज के साथ-साथ मसल कंडीशनिंग भी होती है। बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य लाभ फिजिकल एक्सरसाइज होने की वजह से घुड़सवारी करने से रेस्पिरेशन और शरीर मे खून का संचरण नियमित रूप से होता है। घोड़ो को देखकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय के स्पोर्ट्स पीरियड में घुड़सवारी को भी जगह दी गई है। कुशल संचालक की देखरेख में बच्चे घुड़सवारी के गुर सीख रहे है।

# अहर्त्ता प्राप्त शिक्षकों को जल्द मिले प्रोन्नति: मो. अतिकुज्जमा

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो॰ अतीकुज्जमा ने उपायुक्त को आवेदन देकर प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड-तीन(प्रवरण वेतनमान) देने की माँग की है। उन्होंने आवेदक में कहा है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, निदेशालय प्राथमिक शिक्षा झारखंड सरकार के पत्रांक 936 (विधि) दिनांक- 14 /11/ 2022 के द्वारा जिले के सभी उपायुक्तों को पत्र निर्गत करते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति सक्षम प्राधिकार है और प्रति वर्ष प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची का प्रकाशन करते हुए वांछित अहर्ता पूरा करने वाले शिक्षकों को पद उपलब्धता के अनुरूप प्रोन्नति दी जानी चाहिए। विदित हो कि जिला शिक्षा समिति हजारीबाग के पत्रांक 1944 के अनुसार ग्रेड-तीन में प्रोन्नति हेतु एनआईसी हजारीबाग द्वारा वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया था। बीते 18 नवंबर तक आपत्ति दर्ज करने का अवसर भी प्रदान किया गया था। आपत्ति निराकरण के पश्चात भी अभी तक अपेक्षित आहर्ता वाले शिक्षकों को ग्रेड-तीन में प्रोन्नति नहीं दी गई। प्राथमिक शिक्षकों के प्रोन्नति नियमावली 1993 के अनुसार स्नातक योग्यता वाले शिक्षकों को ग्रेड-दो में 12 वर्ष की सेवोपरांत तथा इंटर योग्यता धारी शिक्षकों को ग्रेड -दो में 18 वर्ष की सेवोपरांत ग्रेड-तीन (प्रवरण वेतनमान) में प्रोन्नति देने का प्रावधान है।

